BENNETT, COLEMAN & CO. LTD. | Estd. 1838 | VOL. 44 NO. 119 LUCKNOW | FRIDAY, MAY 22, 2026 | PAGES 22 | CAPITAL | PRICE ₹4.00

THE TIMES OF INDIA

INDIA'S LARGEST ENGLISH NEWSPAPER | To subscribe call 1800 1200 004 or visit subscribe.timesofindia.com



**Taiwan Prez Lai Ching-te will be happy to speak with Trump, its foreign ministry says.** The presidents of US and Taiwan have not spoken directly since Washington shifted diplomatic recognition to Beijing from Taipei in 1979

**East Bengal FC has been crowned champions of Indian Super League for the first time after they beat Inter Kashi (2-1),** ending a 22-year title drought

**An Australian judge fines Elon Musk's X Corp 650,000 Australian dollars ($465,000) for failing to provide information to an online safety watchdog** in 2023 about how it tackled child sexual exploitation content

Ahead of his visit to India, **US secretary of state Marco Rubio says US wants to sell India as much energy as possible** [illegible] **Venezuela's acting President Delcy Rodriguez** is also travelling to New Delhi next week





# Free maternal healthcare at pvt hosp

Times News Network

**Lucknow:** A private medical college on Thursday launched a maternal and child healthcare initiative under which normal and caesarean deliveries will be provided free. Under 'Shishu Maa Suraksha (SMS) Yojana', pregnant women will receive free services, including medicines, diagnostic tests, surgery, hospital stay and meals at the time of admission, labour and post partum care. The hospital said women undergoing normal or C-section delivery will receive Rs 2,500 financial assistance and baby care kit at the time of discharge from hospital. The scheme aims to encourage institutional deliveries and reduce maternal and infant mortality and remove financial barriers faced by all, irrespective of income groups or eligibility under any govt scheme.

Head of obstetrics and gynaecology department in Era Lucknow Medical College and Hospital, Dr S P Jaiswar, said it was all to promote safe motherhood among economically weaker sections and normal deliveries and treatment for various illnesses free of cost.







आज का मौसम 43.0° 30.0°
05.19 06.52

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष षष्ठी 06:24 उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2083

शुक्रवार, 22 मई 2026, वर्ष 36, अंक 104, पृष्ठ 12+4 • मूल्य 6 रुपये




एरा मेडिकल कॉलेज में शिशु मां सुरक्षा योजना की हुई शुरुआत।

## महिलाओं के लिए एरा मेडिकल कॉलेज ने शुरू की शिशु मां सुरक्षा योजना

अमृत विचार, लखनऊ : एरा मेडिकल कॉलेज ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए 'एराज शिशु मां सुरक्षा (एसएमएस) योजना' शुरू की है। इस योजना का उद्देश्य मातृ-शिशु मृत्यु दर में कमी लाना और सुरक्षित प्रसव को बढ़ावा देना है। योजना के तहत सामान्य और सिजेरियन दोनों प्रकार की डिलीवरी पूरी तरह निशुल्क की जाएंगी। इसमें मरीज को दवा, जांच, इलाज और खानपान की सुविधा भी मुफ्त दी जाएगी। महिला को अस्पताल में भर्ती से लेकर डिस्चार्ज तक कोई शुल्क नहीं देना होगा। डिस्चार्ज के समय प्रत्येक प्रसूता को 2500 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी जो बच्चे और मां के पोषण व देखभाल के लिए होगी। इसके साथ ही बेबी किट भी प्रदान की जाएगी, जिसमें नवजात शिशु की देखभाल से जुड़ी आवश्यक सामग्री शामिल होगी।

हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
www.livehindustan.com
शुक्रवार
22 मई 2026, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष, सप्तमी, विक्रम संवत् 2083, लखनऊ

राजनाथ बोले, सियोल में भारतीय सैनिकों की याद में युद्ध स्मारक





# एरा कॉलेज में मुफ्त प्रसव 2500 रुपये भी मिलेंगे

लखनऊ। एरा मेडिकल कॉलेज ने मातृ-शिशु की सुरक्षा को लेकर अनूठी पहल की है। मातृ एवं शिशु की मृत्यु दर पर अंकुश लगाने के लिए कालेज ने एराज शिशु मां सुरक्षा (एसएमएस) योजना शुरू की है। योजना के तहत सामान्य या ऑपरेशन से प्रसव निशुल्क किए जाएंगे। इसमें मातृ एवं शिशु की दवा, जांच और खानपान भी मुफ्त होगा। यह लाभ महिला को तब तक प्राप्त होगा जब तक वो अस्पताल में भर्ती रहेगी। उसके बच्चे के पौष्टिक आहार व पालन पोषण के लिए प्रत्येक प्रसूता को 2500 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। साथ में बेबी किट दी जाएगी। एरा मेडिकल कालेज में सभी तरह की बीमारियों का इलाज और सामान्य प्रसव पहले से ही निशुल्क है। अब भारी भरकम खर्च वाली सिजेरियन डिलीवरी भी मुफ्त में होगी। कॉलेज के प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की प्रमुख डॉ. एसपी जयसवार ने बताया कि सुरक्षित प्रसव के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं।

# अमर उजाला

लखनऊ
शुक्रवार, 22 मई 2026

amarujala.com | स्पोर्ट्स | गिल-सुदर्शन का रिकॉर्ड, गुजरात ने 89 रन से हराया, चेन्नई की प्लेऑफ की उम्मीद खत्म...11 | उत्तर प्रदेश

अमर उजाला my city लखनऊ सिटी

लखनऊ | शुक्रवार • 22.05.2026
amarujala.com/lucknow


# राहत : एरा मेडिकल कॉलेज में अब निशुल्क होगा प्रसव

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। एरा मेडिकल कॉलेज ने मातृ व शिशु सुरक्षा के लिए पहल की है। इसके तहत एराज शिशु-मां सुरक्षा (एसएमएस) योजना शुरू की गई है। इसमें अब सामान्य या ऑपरेशन से प्रसव मुफ्त में किए जाएंगे। इतना ही नहीं जच्चा-बच्चा को दवा, जांच और खाना भी मुफ्त मिलेगा।

यह सुविधा महिला के अस्पताल में भर्ती रहने तक मिलेगी। अस्पताल से छुट्टी के दिन महिला और उसके बच्चे के पौष्टिक आहार व पालन

## दवा, जांच व खाना भी निशुल्क मिलेगा

पोषण के लिए 2500 रुपये की आर्थिक सहायता और बेबी किट भी दी जाएगी। कॉलेज के प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की प्रमुख डॉ. एसपी जैसवार ने बताया कि किसी निजी मेडिकल कॉलेज या अस्पताल की ओर से इस तरह की योजना पहली बार शुरू की गई है।

उन्होंने बताया कि यहां सभी तरह की बीमारियों का इलाज और सुविधाओं के साथ नॉर्मल डिलीवरी की व्यवस्था पहले से निशुल्क है। अब सिजेरियन डिलीवरी को भी मुफ्त कर दिया गया है।

# इन्क़िलाबी नज़र

आवाज़ ... आम आदमी की

लखनऊ, शुक्रवार, 22 मई 2026

स्वतंत्रता के लिए लाखों लोगों ने अपना जीवन बलिदान कर दिया लेकिन कुछ स्वार्थी लोगों के कारण हमें सही स्वतंत्रता नहीं मिली।
- अन्ना हजारे

वर्ष 18 अंक 260 मूल्य 4-00 रुपया पृष्ठ-12

लखनऊ शुक्रवार, 22 मई, 2026




# मातृ-शिशु की सुरक्षा को लेकर एरा की अनूठी पहल, सभी डिलीवरी मुफ्त

- सिजेरियन डिलीवरी में दवा, जांच, ऑपरेशन, खानपान और अस्पताल का खर्चा सब कुछ निशुल्क
- डिलेवरी नार्मल हो या ऑपरेशन से सभी महिलाओं को मिलेगा 2500 रुपया और बेबी किट

लखनऊ (ब्यूरो)। एरा लखनऊ मेडिकल कॉलेज चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में लगातार कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। इसी क्रम में मातृ-शिशु की सुरक्षा को लेकर एरा ने अनूठी पहल की है। मातृ एवं शिशु की मृत्यु दर पर लगाम लगाने के लिए एरा मेडिकल कालेज ने एराज शिशु मां सुरक्षा (एसएमएस) योजना शुरू की है। यह योजना जहां गरीब वर्ग को अस्पतालों के भरी भरकम खर्च से मुक्त करेगी, वहीं मातृ-शिशु को सुरक्षा की गारंटी प्रदान करेगी।

- गर्भवती महिलाओं के लिए एरा मेडिकल कॉलेज ने शुरू की शिशु मां सुरक्षा योजना
- गरीब व मध्यम सहित सभी वर्ग के परिवारों को मिलेगा लाभ

शिशु मां सुरक्षा (एसएमएस) योजना के तहत नार्मल डिलीवरी की तरह अब सिजेरियन डिलीवरी भी निशुल्क की जाएगी। मातृ एवं शिशु की दवा, जांच और खानपान भी मुफ्त होगा। यह लाभ महिला को तब तक प्राप्त होगा जब तक वो अस्पताल में भर्ती रहेगी। महिला को अस्पताल से छुट्टी के दिन उसके और उसके बच्चे के पौष्टिक आहार व पालन पोषण के लिए एरा मेडिकल कालेज की तरफसे प्रत्येक महिला को 2500 रुपये की आर्थिक सहायता तथा बेबी किट दी जाएगी। बेबी किट में बच्चे के पालन-पोषण से संबंधित आवश्यक सामग्री होगी। डिलेवरी नार्मल हो या ऑपरेशन से सभी महिलाओं को 2500 रुपया नगद और बेबी किट अस्पताल की तरफ से दी जाएगी। गौरतलब है कि एरा मेडिकल कालेज में सभी तरह की बीमारियों का इलाज और नार्मल डिलीवरी पहले से ही निशुल्क है। अब भारी भरकम खर्च वाली सिजेरियन डिलीवरी भी मुफ्त में होगी। यह योजना सुरक्षित प्रसव को प्रोत्साहित करके मातृ एवं शिशु की मृत्यु दर में कमी लाने और गरीब वर्ग को बेहतर उपचार देने की एरा मेडिकल कालेज की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसका लाभ गरीब और मध्यम सहित सभी वर्ग के परिवारों को प्राप्त होगा। इसके लिए किसी सरकारी योजना का लाभार्थी होना भी जरूरी नहीं है। कोई भी कहीं का परिवार इसका लाभ प्राप्त कर सकता है।




एरा लखनऊ मेडिकल कॉलेज के प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की प्रमुख डॉक्टर एसपी जयसवार ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नारी सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के मिशन के क्रम में एरा लखनऊ मेडिकल कालेज ने यह अनूठी पहल की है। इस तरह की योजना पहली बार किसी निजी मेडिकल कालेज या अस्पताल द्वारा संचालित की गयी है, क्योंकि एरा मेडिकल कालेज ने हमेशा सेवा भाव को महत्व दिया है। हमारा मकसद मातृ-शिशु की सुरक्षा और इनकी मृत्यु दर में कमी लाना है। इस योजना से खासतौर पर गरीब और असहाय वर्ग अस्पताल में उपचार के प्रति आकर्षित होगा, क्योंकि जब उसे पता होगा कि अस्पताल में सभी तरह की सुविधा फ्री है तो वह किसी भी तरह का जोखिम नहीं लेगा। यही हमारा मकसद भी है। हम चाहते हैं कि लोग अपनी आर्थिक मजबूरी को दरकिनार कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्वस्थ और सुरक्षित भारत के लक्ष्य में अपना योगदान दें। नारी सुरक्षित रहेगी तो वह स्वावलंबन की दिशा में आगे बढ़ेगी और शिशु स्वस्थ रहेगा तो देश का भविष्य उज्जवल होगा। डॉक्टर एसपी जयसवार ने बताया कि एरा मेडिकल कालेज में सभी तरह की बीमारियों का इलाज और सभी सुविधाओं के साथ नार्मल डिलीवरी की व्यवस्था पहले से ही निशुल्क है। अब सिजेरियन डिलीवरी भी मुफ्त कर दी गयी है। दोनों तरह की डिलीवरी में परामर्श, दवाइयां, जांच और भोजन सहित सभी सुविधा निशुल्क रहेगी। नार्मल या ऑपरेशन से होने वाली डिलीवरी में 2500 रुपये की आर्थिक सहायता और बेबी किट भी प्रदान की जाएगी। अस्पताल में भर्ती से लेकर डिस्चार्ज तक मरीज का एक पैसा खर्च नहीं होगा। उन्होंने बताया कि अक्सर देखा गया है कि अस्पतालों के भारी भरकम खर्च के डर से गंभीर और असामान्य परिस्थितियों में भी गर्भवती महिलाएं अस्पताल जाने से परहेज करती है, नतीजन इसका परिणाम खतरनाक साबित होता है। जब अस्पताल में सभी सुविधा निशुल्क मिल रही है तो असामान्य परिस्थितियों के अलावा सामान्य गर्भवती महिला भी अस्पताल की तरफ रुख करेगी, जो मां और शिशु स्वास्थ्य के लिए बेहतर होगा। इस योजना से निश्चित तौर मातृ एवं शिशु की मृत्यु दर में भारी कमी होगी। उन्होंने इस योजना के लागू करने के लिए एरा विश्वविद्यालय प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

WATCH GOD WATCHDOG
पेज 16 > मूल्य सिर्फ ₹6.00 facebook.com/nbtlucknow

NBT
नवभारत टाइम्स



# एरा में सभी डिलिवरी होंगी मुफ्त

**NBT न्यूज, लखनऊ :** एरा मेडिकल कॉलेज ने मातृ एवं शिशु सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए 'एराज शिशु मां सुरक्षा (एसएमएस) योजना' शुरू की है। योजना के तहत सामान्य और सिजेरियन दोनों प्रकार की डिलिवरी पूरी तरह निःशुल्क होगी। भर्ती के दौरान दवाएं, जांच, ऑपरेशन, भोजन व अन्य सभी सुविधाएं मुफ्त मिलेंगी। डिस्चार्ज के समय प्रत्येक महिला को 2500 रुपये की आर्थिक सहायता और बेबी किट भी दी जाएगी। प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की प्रमुख डॉ. एसपी जायसवाल ने ये जानकारी दी।